# University in News on 30 August 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लखनऊ विवि के छात्र को फेलोशिप

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शोध कर रहे प्रखर मिश्रा को मैरी क्यूरी पोस्टडॉक्टोरल फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह फेलोशिप प्रखर मिश्रा को यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष शोध संस्थानों और वैज्ञानिकों के साथ सहयोग करने का असाधारण अवसर प्रदान करती है। अगले तीन वर्षों में प्रखर विद्युत-रासायनिक ऊर्जा रूपांतरण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान करेंगे और वैश्विक प्रयासों में योगदान देंगे। (संवाद)

### लविविः निशुल्क टीकाकरण आज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में शनिवार को निशुल्क सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण किया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे द्वितीय परिसर में शिविर लगाकर 15 से 26 वर्ष की बालिकाओं को 'सर्वाईक वैक्सीन' का पहला डोज लगाया जाएगा। दूसरी खुराक दो माह बाद और तीसरी खुराक छह माह बाद लगेगी। शुक्रवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना की मौजूदगी में टीकाकरण अभियान के फ्लायर का विमोचन किया गया। मौके पर प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. प्रणति श्रीवास्तव, डॉ. लुबना अजमी, किरण सिंह मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलयू-एकेटीयू में लगे चौके छक्के

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन, शतरंज व कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह रहे। इस दौरान शतरंज में आयुष्मान कुमार, बैडमिंटन छात्र में उद्धव, बैडमिंटन छात्राओं में काश्वी और कैरम के विजेता प्रियांशु बने।

इसी तरह एकेटीयू में दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तहत और मेजर ध्यानचंद की जयंती यानी खेल दिवस के मौके पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। शुरूआत वॉलीबाल के मुकाबले से हुई। जिसमें पहला मैच एकेटीयू प्रशासन व सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज की टीम के बीच हुआ। एकेटीयू प्रशासन की टीम ने सीधे सेटों में 2-0 से अपने नाम कर लिया। नवयुग महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य व उत्तर प्रदेश क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष अवनीश सिंह रहे। उन्होंने कहा कि खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाबों के नबाब।

#### मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया

लोहिया संस्थान में भी राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गय। निदेशक डॉ. सीएम सिंह, डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह तथा सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस विज्ञान फाउंडेशन, सखी वन स्टॉप सेंटर, मिनिस्ट्री ऑफ वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, जिला युवा कल्याण और प्रादेशिक विकास दल की ओर से आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।

### छात्राओं को मुफ्त में लगेगी वैक्सीन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के टीकाकरण अभियान के फ्लायर का विमोचन कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से आयोजित शिविर में विश्वविद्यालय की छात्राओं सहित जरूरतमंद लाभार्थियों को मुफ्त टीकाकरण कराया जाएगा। कुलपति ने बताया कि महिलाओं और छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए यह पहल प्रेरणास्रोत है। वैक्सीन 15 से 26 वर्ष की बालिकाओं के लिए है।

## i-NEXT PAGE 2

### 6 कोर्सों का दूसरा सीट आवंटन आज

**LUCKNOW (29 Aug):** लखनऊ विश्वविद्यालय परास्नातक के छह कोर्सों में प्रवेश के लिए सीट आवंटन शनिवार को जारी करेगा. इसमें एमपीएड, बीपीएड, एमवीए / एमएफए में दूसरा, एलएलबी, एमकाम कामर्स और एमबीए एमबीए/ टीटीएम पाठ्यक्रम शामिल है. सीट पाने वाले अभ्यर्थी सीट आवंटन देखकर 31 अगस्त को रात 12 बजे तक आनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस जमा कर सकते हैं.

## JAGRAN CITY PAGE III

### लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थी प्रखर को मिली फैलोशिप

जासं • लखनऊ: लवि के रसायन विज्ञान विभाग के डा. नरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रहे प्रखर मिश्रा को यूरोपीय संघ की ओर से दी जाने वाली मैरी क्यूरी पोस्टडाक्टोरल फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह फेलोशिप प्रखर की ओर से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए नवीनतम इलेक्ट्रोलिसिस तकनीकों पर किए गए शोध को समर्थन प्रदान करेगी। आगामी तीन वर्षों में प्रखर विद्युत-रासायनिक ऊर्जा रूपांतरण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान कर वैश्विक प्रयासों में योगदान देंगे। यह फेलोशिप प्रखर को यूरोप और आस्ट्रेलिया के शीर्ष शोध संस्थानों और विज्ञानियों के साथ सहयोग करने का अवसर देगी। प्रखर को 2024 में ताइवान में आयोजित एनएसटीसी आइआइपीपी इंटर्नशिप से भी सम्मानित किया गया था।

### छह कोर्सों में दूसरा सीट आवंटन आज

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परास्नातक के छह कोर्सों में प्रवेश के लिए सीट आवंटन शनिवार को जारी करेगा। इसमें एम.पीएड, बीपीएड, एमवीए / एमएफए में दूसरा, एलएलबी, एम.काम कामर्स और एमबीए एमबीए/ टीटीएम पाठ्यक्रम शामिल है।

## VoL PAGE 4

### लविवि में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का टीकाकरण आज, फ्लायर का विमोचन



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के एस टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के फ्लायर का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। इस अभियान में उपयोग की जाने वाली वैक्सीन 15 से 26 वर्ष की बालिकाओं के लिए है। यह वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित की गई है। वैक्सीन की तीन खुराकें दी जाएंगी। पहली खुराक 30 अगस्त, दूसरी खुराक दो माह बाद और तीसरी खुराक छह माह बाद दी जायेगी। यह वैक्सीन बायोजेनिक्स इंक. प्रा. लि. द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टीकाकरण महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर, वैजाइनल कैंसर, वल्वर कैंसर, एनल कैंसर एवं जननांग मस्सों की रोकथाम में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. खन्ना ने कहा महिलाओं और छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए यह पहल विश्वविद्यालय एवं समाज दोनों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। यह शिविर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय की छात्राओं सहित जरूरतमंद लाभार्थियों को टीकाकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

## AMRIT VICHAR PAGE 4



सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के टीकाकरण अभियान के फ्लायर का विमोचन करते अतिथि।

### छात्राओं को लगेगा टीका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्राओं को कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के लिए सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण अभियान के फ्लायर का विमोचन कुलपति प्रो . मनुका खन्ना ने किया। शनिवार को दोपहर 12 :30 बजे विवि के द्वितीय परिसर स्थित एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में टीकाकरण शिविर लगेगा। फ्लायर विमोचन के अवसर पर प्रो . पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डॉ . प्रणति श्रीवास्तव, डॉ . लुबना अजमी, किरण सिंह उपस्थित रहे।